दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### बीएड उत्तीर्ण अभ्यर्थी सहायक शिक्षक हेतु कर सकते है ऑनलाईन आवेदन

**रायगढ़ ।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल समिति जिला रायगढ़ द्वारा सहायक शिक्षक पद हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में डी.एड/ डी.एल.एड.अंकित है। सहायक शिक्षक पद हेतु बी.एड.उत्तीर्ण को विज्ञापन में उल्लेखित अन्य शैक्षणिक योग्यता के साथ सम्मिलित किया जाता है। मान्यता प्राप्त संस्था से बीएड उत्तीर्ण अभ्यर्थी उक्त पद हेतु जिले के वेबसाईट में सहायक शिक्षक हेतु उपलब्ध लिंक में 1 जुलाई 2021 सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकते है।

### व्याख्याता पद हेतु साक्षात्कार आज

**रायगढ़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल जिला-रायगढ़ में व्याख्याता पद हेतु साक्षात्कार का आयोजन 1 जुलाई 2021 को पूर्वान्ह 11 बजे से सेट जेवियर्स स्कूल बोईरदादर रायगढ़ में किया जायेगा। इनमें व्याख्याता सामाजिक अध्ययन, वाणिज्य, गणित, रसायन, भौतिकी एवं जीवविज्ञान पद शामिल है। ज्ञात हो कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी संविदा भर्ती विज्ञापन जो पूर्व में 23 जून को जिले की वेबसाईट में अपलोड की गई है। उसके आवेदन ऑनलाईन प्राप्त हो गये है। प्राप्त आवेदन की मेरिट सूची साक्षात्कार हेतु तैयार की गई है। जिसे जिले के वेबसाईट में www.raigarh.gov.in अपलोड की गई है।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रमुख सचिव का कार्यकाल 6 माह के लिए बढ़ा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रमुख सचिव चंद्रशेखर गंगराड़े का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा था, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने उनको 6 माह तक के लिए एक्सटेंशन दे दिए हैं, अब चंद्रशेखर गंगराड़े दिसंबर 2021 तक छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रमुख सचिव के रूप में कार्य करेंगे। उनको एक्सटेंशन का आदेश विधानसभा के सचिव और छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के भी सचिव के रूप में कार्य कर रहे दिनेश शर्मा ने आदेश जारी किया।

### पूरी-सूरत के मध्य फेरे लगाने वाली एक स्पेशल ट्रेन पूरी-खुर्दा रोड के बीच रद्द रहेगी

**रायपुर (आरएनएस)।** कोविड-19 के प्रसार की रोकथाम एवं रथ यात्रा उत्सव के मद्देनजर रेल प्रशासन के द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर जाने वाली पूरी-सूरत-पूरी स्पेशल ट्रेन का परिचालन पूरी एवं खुर्दा रोड रेलवे स्टेशनों के बीच रद्द किया गया है। रेल मंडल रायपुर कार्यालय से इस संबंध में जानकारी दी गई है। गाड़ी 02827 पूरी से सूरत के लिए चलने वाली 04 जुलाई से 18 अगस्त तक एवं गाड़ी 02828 सूरत से पूरी के लिए चलने वाली ट्रेन 06 जुलाई से 20 जुलाई तक पूरी-खर्दा रोड स्टेशन के बीच रद्द रहेगी।

### तीन दिन के अंदर दो छात्राओं ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में दो अलग-अलग घटना में दो छात्राओं ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। मृतिका खुर्सीपार निवासी एम चांदनी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मृतिका के पास से एक सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें छात्रा ने आई हेट माई लाइफलिखा है और स्केच से अकेली बैठी हुई लड़की का चित्र बनाया हुआ है। वहीं दूसरे मामले में मोहन नगर थाना क्षेत्र में भी एक फैशन डिजाईनिंग की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। युवती ने आत्महत्या करने से पहले अपनी मोबाइल को फर्मेट कर दी है। दोनों ही मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक 5 को

**रायपुर (आरएनएस)।** कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रविंद्र चौबे की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में 5 जुलाई को अपरान्ह 12:00 बजे रायपुर जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई है । कलेक्टर एवं पदेन सचिव शासी परिषद जिला खनिज संस्थान न्यास जिला रायपुर सौरभ कुमार ने सभी संबंधितो को नियत स्थान एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# दिव्यांग बच्चों का किया गया फिजियो व स्पीच थेरेपी



**रायगढ़।** समग्र शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत विकासखंड रायगढ़ में 23 से 30 जून तक दिव्यांग बच्चों की फिजियोथेरेपी व स्पीच थेरेपी का कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ आर.पी.आदित्य, जिला परियोजना समन्वयक रमेश देवांगन, समावेशी शिक्षा प्रभारी भूपेंद्र पटेल के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

आठ दिन चले इस कार्यक्रम में 26 बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुरूप बच्चों को फिजियोथेरेपी एवं स्पीच थेरेपी दी गई। फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर खुशबू साहू के द्वारा बच्चों को चाल प्रशिक्षण, वाकर में चलने की ट्रेनिंग, पैरों की मांसपेशी की ताकत की एक्सरसाइज, हाथों की मांसपेशी की कमजोरी, खड़े होना बैठना उठना एक-एक करके बारी-बारी बच्चे की आवश्यकता अनुसार बच्चों को घर में रहकर पालक किस प्रकार से बच्चों को प्रशिक्षण दें यह उपयोगी जानकारी पालको के साथ साझा की गई। स्पीच थैरेपिस्ट प्रतिभा गव्हेल द्वारा श्रवण बाधित एवं वाणी दोष वाले बच्चों को स्वर का ज्ञान कराया गया। बच्चों में किस प्रकार से भाषा का विकास हो यह बताया गया और बच्चों को एक एक अक्षर का ज्ञान कराकर बोलने का अभ्यास कराया गया एवं ध्वनि ज्ञात कराया गया। पालकों को श्रवण यंत्र के रख-रखाव एवं उपयोग के बारे में बताया गया। 26 बच्चों को आवश्यकता अनुरूप विकासखंड स्रोत समन्वयक मनोज अग्रवाल द्वारा सभी बच्चों को उपकरण वितरण किया गया। व्हीलचेयर, वाकर, श्रवण यंत्र एवं लो विजन एमआर किट प्रदान किया गया। सभी बच्चों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा घर में ही रह कर पढ़ाई करें उसके बारे में पालकों को शिक्षा की मुख्य धारा से बच्चों को कैसे जोड़े रखें उसके बारे में पालकों को संदेश दिया गया। बीआरसी कार्यालय में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने अपना इन बच्चों के प्रति संपूर्ण सहयोग दिया। लेखापाल सतीश गौतम, एमआईएस कोऑर्डिनेटर इंदु यादव, अटेंडेंस पार्वती यादव, छन्नू, पवन सभी उपस्थित रहे। समस्त कार्य का आयोजन श्रीमती शांति ठाकुर बीआरपी रायगढ़ द्वारा किया गया। बीआरपी द्वारा सभी को आभार व्यक्त करते हुए सभी पालक बालकों हो प्रत्येक सोमवार मंगलवार बीआरसी कार्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया गया जिससे आगे की थेरेपी बच्चों का जारी रहे।

# गार्डन, पार्क, रेस्टोरेंट और चौपाटी पर पुलिस महिला रक्षा टीम की नजर

» बिना मास्क के घूम रहे लोगों और रेस्टोरेंट पर सोशल डिस्टेसिंग का पालन नहीं वालों को फटकार



**रायगढ़।** शहर में थानों की पेट्रोलिंग के अलावा रायगढ़ पुलिस की महिला रक्षा टीम के कुछ स्टाफ सादी वर्दी में भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में महिलाओं से होने वाली छेड़खानी जैसी घटनाओं पर नजर रखकर कार्रवाई करते हैं। पिछले कुछ दिनों से गार्डन, पार्क, रेस्टोरेंट और सड़क किनारे चाय नाश्ता, चाट गुपचुप ठेलों में भीड़ बढ़ने से रक्षा टीम के सदस्य दुकान संचालक को सोशल डिस्टेसिंग के साथ कोविड गाइडलाइन का पालन कराने की हिदायत दी जा रही है।

दिनांक 29/06/2021 को महिला रक्षा टीम प्रभारी मंजू मिश्रा, रक्षा टीम स्टाफ के साथ शहर के इंदिरानगर, चांदमारी, सर्किट हाऊस, बोइर दादर, चक्रधरनगर, रेल्वे स्टेशन, कबीर चौंक की ओर प्रतिदिन की भांति पेट्रोलिंग किया जा रहा था। इस दौरान मास्क नहीं लगाकर घूम रहे युवक-युवतियों को मास्क लगाने को कहते हुए आगे जुर्माने की कार्रवाई की चेतावनी दी गई तथा शहीद चौक पर ठेलों में सोशल डिस्टेसिंग का पालन न होते देख दुकान के संचालक को सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराने की हिदायत दी गई है।

# दपूमरे से होकर चलने वाली 04 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरों में वृद्धि



**रायपुर (आरएनएस)।** रेल यात्रियों की सुविधा एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे से होकर चलने वाली 04 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन में विस्तार किया गया है। इन सभी गाड़ियो में कोविड -19 के सभी नियमो का पालन करना बहुत जरूरी है एवं इन गाड़ियो में कनफर्म टिकट यात्रियो को ही यात्रा करने की अनुमति दी जायेगी।

रेल मंडल रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार जिन ट्रेनों के फेरों में वृद्धि की गई है उनमें क्रमशः 02905 ओखा-हावड़ा साप्ताहिक स्पेशल को 28 अगस्त तक, 02906 हावड़ा-ओखा साप्ताहिक स्पेशल 31 अगस्त तक, 09205 पोरबंदर-हावड़ा द्वि साप्ताहिक स्पेशल 26 अगस्त तक, 09205 हावड़ा-पोरबंदर द्वि साप्ताहिक स्पेशल 28 अगस्त तक, 07026 सिकंदराबाद-रक्सौल साप्ताहिक स्पेशल 30 जुलाई तक, 07027 रक्सौल-सिकंदराबाद साप्ताहिक स्पेशल 02 अगस्त तक, 02594 हावड़ा-साईनगर शिर्डी साप्ताहिक स्पेशल 29 जुलाई तक तथा 02593 शिर्डी-हावड़ा साप्ताहिक स्पेशल 31 जुलाई तक चलेगी।

# सिंकदराबाद से ट्रेन में महिला यात्री का बैग चोरी करने वाला आरोपी रायपुर में पकड़ाया, आरोपी निकला अंतर्राज्यीय ठग

» ठगी के अलावा हत्या का प्रयास सहित कई अन्य मामले दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** सिकंदराबाद रेलवे से एक ट्रेन में सवार महिला यात्री का रूपयों व गहनों से भरा बैग चोरी करने वाले आरोपी को रायपुर रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता पायी। आरोपी पुराना शातिर बदमाश निकला जिसके खिलाफ झारखंड, उड़िसा एवं छत्तीसगढ़ में ठगी, हत्या का प्रयास, चोरी सहित कई मामले दर्ज है। आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी के गहनों व रूपयों से भरा बैग बरामद कर लिया है।

रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 27 जून को अपराध गुप्तचर शाखा डिटेक्टीव विंग, रेलवे सुरक्षा बल सिकन्दराबाद से दक्षिण मध्य रेलवे के प्रभारी द्वारा सुशील यादव, निरीक्षक अपराध गुप्तचर शाखा डाटा एनालिटिकल विंग, रेलवे सुरक्षा बल रायपुर को सूचना दी गई कि एक आरोपी गाड़ी संख्या 02738 गौतमी एक्सप्रेस से एक महिला यात्री का छोटा बैग जिसमें सोने का नेकलेस, कान का टाप, सोने का चैन रिंग, कान का रिंग इत्यादि एवं नगद 18000 हजार कुल कीमत 78000 रूपए चोरी कर रायपुर की ओर भाग गया है। सिकंदराबाद पुलिस ने आरोपी का फोटो एवं मोबाईल नंबर भी साझा किया गया। उक्त सूचना को मण्डल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल रायपुर को अवगत कराया गया और ए.एन. सिन्हा महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रे.सु.ब., बिलासपुर एवं संजय कुमार गुप्ता मण्डल सुरक्षा आयुक्त, रायपुर के कुशल मार्गदर्शन में सुशील यादव, निरीक्षक अपराध गुप्तचर शाखा डाटा एनालिटिकल विंग रायपुर द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए साईबर सेल रायपुर से समन्वय कर आरोपी के मोबाईल की ट्रेकिंग करवाई गई।

मोबाइल ट्रेकिंग के आधार पर आरोपी को फाफाडीह चौक रायपुर के पास से गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया गया। यहां पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना नाम व पता सूरज कुमार राम वल्द जवाहर लाल राम 35 वर्ष निवासी कृष्णापूरी देवता भवन के पास थाना बागबहरा जिला पूर्व सिंहभूम (जमशेदपुर) झारखंड बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से 1 सोने का चैन लाकेट, 1 सोने की अंगुठी, 3 नग मोबाईल एवं नगदी 27850 रूपए जुमला 01 लाख 17 हजार रूपए बरामद किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना अपराध गुप्तचर शाखा डिटेक्टीव विंग सिकन्दराबाद एवं शासकीय रेल पुलिस सिकन्दराबाद को दी गई।

पूछताछ पर पता चला कि आरोपी पुराना शातिर अपराधी है और उसके विरूद्ध जमशेदपुर झारखंड में सन 2015 में धारा 323, 504, 354, 307 एवं 34 भा.द.वि., शासकीय रेल पुलिस भुवनेश्वर उड़ीसा में सन् 2021 धारा 171, 419, 420, 468 एवं 471 भा.द.स. एवं बिल्हा थाना छत्तीसगढ़ में 2020 में धारा 420 भा.द.स. में मामले दर्ज है।

# इंद्रावती नदी के मुचनार घाट में मगरमच्छ के 20 बच्चे मिले

» एक मादा मगरमच्छ लगभग 25 से 30 अंडे देती है, बरसात के पहले अंडे से बच्चे निकलते हैं

» इसके संरक्षण-संवर्धन के लिए क्रोकोडायल पार्क बनाने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया है



**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के इंद्रावती नदी के मुचनार घाट के किनारे रेत पर मगरमच्छ के 20 बच्चे मिलने की सूचना पर वन विभाग के कर्मचारियों ने इंद्रावती नदी में छोड़ दिया है। ऐसा पहली बार है कि इतनी बड़ी संख्या में नदी के आसपास मगरमच्छ के बच्चों को देखा गया है। गर्मियों के समय जब इंद्रावती नदी का पानी कम हो जाता है, तब अक्सर ही यहां पर मगरमच्छों को धूप सेंकते हुए देखा जा सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कई बार ऐसा देखा गया है कि ग्रामीण इन मगरमच्छों का शिकार करते हैं, और इनकी चमड़ी से वाद्य यंत्र बनाते हैं। इस कारण इन मगरमच्छों को संरक्षित करते के लिए रिजर्व फॉरेस्ट की तरफ से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मगरमच्छ संरक्षण के लिए पिछले दो दशक से वन विभाग कार्य कर रही है। इसके लिए सरकार ने दो करोड़ का बजट भी जारी किया था, इस बजट से इंद्रावती नदी के एक एकड़ क्षेत्र में मगरमच्छ संरक्षण का कार्य किया जा रहा है।

वन विभाग के एसडीओ सोनवानी के अनुसार मगरमच्छ नरमादा का प्रजनन का समय नवंबर-दिसंबर के महिने में होता है, अप्रैल-मई के आसपास ये अंडे देते हैं, एक मादा मगरमच्छ लगभग 25 से 30 अंडे देती है, बरसात के पहले अंडे से बच्चे निकलते हैं। उन्होंने बताया कि इनके संरक्षण-संवर्धन के लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया है। सरकार ने वन्य प्राणी क्रोकोडायल पार्क बनाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।

उन्होने बताया कि दंतेवाड़ा के संरक्षित वन के इलाके से होते हुए इंद्रावती नदी गुजरती है। इसके आसपास के क्षेत्र में अक्सर मगरमच्छ और उसके बच्चे पाए जाते हैं। लेकिन जितनी बड़ी तदाद में मुचनार कौशलनार घाट के किनारे मगरमच्छ के बच्चे पाए गए हैं, वह अपने आप में ही अच्छी बात है।

# मानसून सत्र के लिए 3 दिन में लगे 59 सवाल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र का आगाज 26 जुलाई से होने जा रहा है। 05 दिनों के सत्र के लिए विधायकों ने सवाल लगाना भी शुरू कर दिया है। 03 दिन में 59 सवाल लगाए जा चुके है, जिनमें तारांकित व अतारांकित सवाल शामिल है।

मानसून सत्र 26 से 30 जुलाई तक बुलाया गया है। बजट सत्र की तरह मानसून सत्र भी काफी हंगामेदार हो सकता है। विपक्षी दलों द्वारा कई मुद्दों पर सदन में सरकार को घेरने का प्रयास करेंगे, हालांकि सत्ता पक्ष भी विपक्षी सवालों का जवाब देने की तैयारियों में जुट गया है। संभवतः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उनके मंत्रिमंडल में शामिल सभी मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित अधिकारियों को मानसून सत्र के लिए विधायकों द्वारा लगाए जा रहे सवालों से संबंधित विस्तृत जानकारियां एकत्र




करने के निर्देश दे दिये है ताकि सदन में मंत्री सवालकर्ता विधायक को जवाब दे सकें। मानसून सत्र की अधिसूचना जारी होने के बाद से अब तक कुल 59 सवाल लगाये जा चुके है, जिनमें 30 तारांकित एवं 29 अतारांकित सवाल शामिल है।

सत्र के दौरान विपक्षी दलों द्वारा कोविड-19 संक्रमण की दूसरी लहर से प्रदेश में हुई मौतें, अस्पतालों में व्यवस्था, किसानों को बोनस, शराबबंदी, , बारिश से धान की बर्बादी, प्रदेश में कानून व्यवस्था सहित कई अहम मुद्दों को जोरशोर से उठाया जा सकता है।

# सामूहिक प्रयासों से मिली कुबेर स्व-सहायता समूह को सफलता





**रायगढ़।** एक कहावत है एक साथ आना एक शुरुआत है, एक साथ रहना प्रगति है, एक साथ काम करना सफलता है और इसलिए परिवर्तन यहां देखा गया है।

रायगढ़ जिले के तमनार विकासखण्ड के गांव मौहापाली के कुबेर स्व-सहायता समूह ने किसी भी काम को सामूहिक रूप से आगे बढ़ाने का एक तरीका खोज लिया है और कमजोर सदस्यों, कम बोलने वाले सदस्यों, सक्रिय सदस्य, योगदान देने वाले सदस्य को समान रूप से एक साथ आगे बढ़ाने में सक्षम हो पाया है। जहां समूह नियमित भागीदारी और बचत बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे थे, वहीं कुबेर समूह ने अलग-अलग आजीविका में निवेश करना और ऋण के माध्यम से सामूहिक कार्य करना शुरू कर दिया था। इसकी शुरुआत पिछले साल राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना गोठान के कार्यो में भाग लेकर जैसे कि वर्मी कम्पोस्ट तैयार करके, आलू की खेती इत्यादि से जिसमें वे 12000 रुपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। बिहान योजना अंतर्गत नियमों के पालन करने से और लगातार सामूहिक प्रयासों से कुबेर समूह गाँव में अपनी पहचान बनाने में सफल हुआ, जिसे देखते हुए उनको राशन दुकान वितरण का कार्य भी मिला। जिससे वे अपने साथी ग्रामीणों और समूह सदस्यों की सेवा कर सके।

प्रदान और बिहान के प्रशिक्षक के मदद से उन्होंने मशरूम की खेती भी की जिससे एक सीजन में लगभग 25000 का लाभ कमाया। सामूहिक आजीविका कार्य करने से समूह के सदस्यों के अन्दर एक विश्वास बन चूका है कि वो कोई भी काम आसानी से कर सकते हैं। हाल ही में उन्होंने 2 लाख रुपये का ऋण लिया और टेंट हाउस का एक स्थिर दीर्घकालिक व्यवसाय चलाने का फैसला किया। अभी तक इस व्यवसाय से 30 हजार रुपये कमाने में कामयाब रही हैं और भविष्य में अच्छे कमाई की उम्मीद कर रही है।

समूह का गठन 2015 में किया गया था। समूह का कोई भी सदस्य आज तक नहीं बदला है। समूह की अध्यक्ष गीता पैकरा कहती है कि किसी बाहरी व्यक्ति पर भरोसा करने के बजाय एक दूसरे पर निर्भर रहना बेहतर है। हमारा बचत और उससे प्राप्त ब्याज हमारा होगा और यह हमारे रिश्ते को भी मजबूत करेगा। अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए सदस्य समूह पर निर्भर थे। 2019 के अंत में समूह सदस्यों ने आपसी निर्णय लेकर विभिन्न गतिविधियों में निवेश करके अपनी आय बढ़ाने का फैसला किया। उनका मानना है कि यदि हर कोई योगदान देगा तो कोई भी गतिविधि सफल होगी और वे अपने परिवार की मदद कर पायेंगे। वे समझते थे कि किसी गतिविधि को चलाने के लिए यह आवश्यक नहीं है कि आप स्वयं काम करें बल्कि श्रम का उपयोग करें और उनकी मजदूरी का भुगतान करें। उनके पति भी स्व-सहायता समूहों के उद्यम में मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। सचिव सावित्री साहू ने कहा वे पहले ऋण लेने से डरती थी, सोचते थे कि क्या वे राशि चुका सकते हैं। लेकिन आज उनके पास खुद का कोष है इसलिए वे आश्वस्त थे और उन्होंने रुपये भी कर्ज लेकर एक नये कदम की ओर चल पड़ी है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480